# रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालय : कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली

दूरभाष सं. 24365161, फैक्सः 24360644 ईमेलः reccorp@recl.nic.in

ग्राम आरईसीटीआरआईसी

वेबसाइट : recindia.com & recindia.nic.in


सं.आरईसी/प्रशा./4/3/2020-11 दिनांक 25.05.2010

## टेंडर नोटिस

54-ईसी पूंजीगत लाभ बांड जारी करने के लिए लेखन-सामग्री के मुद्रण हेतु बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। शुरू में यह बोली दो वर्ष अर्थात 2010-11 और 2011-12 के लिए होगी, जिसे परस्पर सहमति से अगले वर्ष के लिए भी बढ़ाया जा सकता है। इस कार्य की अनुमानित लागत 2.00 लाख रुपए प्रति वर्ष है। बोलीदाता को अनुबंध II और III में उल्लिखित विनिर्देशें के अनुसार दरों का उल्लेख करना होगा।

1. मुहरबंद बोली पर बोलीदाता संगठन की ओर से विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और निम्निलिखित अधिकारी को भेजी जाएगी-

   मुख्य प्रबंधक (प्रशासन),
   रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड,
   कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स,
   नई दिल्ली-110 003

1.1 बोलियां एक मुख्य लिफाफे में भेजी जाएंगी, जिस पर ''वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए पूंजीगत लाभ बांड सीरीज जारी करने के लिए लेखन-सामग्री के मुद्रण हेतु बोली'' लिखा हो। इसके अंदर दो लिफाफे रखे जाएंगे, जिनमें से एक तकनीकी बोली के लिए निर्धारित अनुबंध-2 के अनुसार तकनीकी बोली होगी और उस मुहरबंद लिफाफे पर तकनीकी बोली लिखा होगा और दूसरे मुहरबंद लिफाफे पर अनुबंध-3 के अनुसार वित्तीय बोली होगी और उस लिफाफे पर ''वित्तीय बोली'' लिखा हो।

1.2 ये बोलियां दिनांक 11.6.2010 (सोमवार) के 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जाएंगी। यदि बोलियां निर्धारित समय/तारीख तक प्राप्त नहीं होंगी तो बोलीदाता को टेंडर प्रक्रिया से अयोग्य ठहराया जाएगा। तकनीकी बोलियां दिनांक 11.06.2010 के 3.30 बजे अपराह्न को फर्मों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

2. बोली दस्तावेजों के साथ 5,000/- रुपए का अग्रिम धन जमा लगाया जाएगा। यह अग्रिम धन जमा रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के पक्ष में देय राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से अदा किया जाएगा। यदि किसी बोली के साथ विधिमान्य अग्रिम धन जमा नहीं लगाई गई हो तो उसे आरईसी द्वारा अविधिमान्य माना जाएगा और रद्द कर दिया जाएगा।

2.1 अग्रिम धन जमा निम्नलिखित स्थिति में जब्त की जाएगी-

यदि बोलीदाता बोली की विधिमान्य अवधि के दौरान अपनी बोली को वापस लेता है।

2.2 फर्म, अनुबंध- II और अनुबंध- III में उल्लिखित विनिर्देशों के अनुसार दरों का उल्लेख करेंगे।

2.3 यह बोली, बोली प्राप्त होने की तारीख से 4 माह की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगी।

**3. दर और कीमत**

3.1 बोलीदाता प्रत्येक मद के संबंध में निर्धारित प्रोफार्मा में मदवार दर/कीमत का उल्लेख करेंगे।

3.2 आपूर्ति के संबंध में बोलीदाता द्वारा अदा किए जाने वाले सभी कानूनी शुल्क और कर (जिसमें उत्पादन शुल्क और सीमा-शुल्क भी शामिल हैं) बिक्री कर और अन्य प्रभार उल्लिखित सामग्री की कीमत में शामिल होंगे।

3.3 उपस्करों की आपूर्ति और उन्हें चालू करने के संबंध में कोई अतिरिक्त भाड़ा या अन्य प्रभार आदि अदा नहीं किए जाएंगे।

3.4 कोई बिना शर्त बट्टा, यदि कोई दिया जाता है, स्वीकार्य होगा और मदों की अनुसूचियों में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा।

**4. आपूर्ति करने/चालू करने में हुए विलंब के लिए शास्ति**

4.1 संविदा में समय महत्वपूर्ण होता है, सफल बोलीदाताओं को चाहिए कि वे निर्धारित समय-सीमा के अंदर सामग्री की आपूर्ति कर दें। यदि निर्धारित समय-सीमा से 10 दिन के बाद तक आदेश का अनुपालन करने में विलंब किया जाता है तो आरईसी को अधिकार होगा कि वह आदेश को रद्द कर सकता है।

**5. माध्यस्थम**

5.1 यदि पक्षकारों के बीच करार की शर्तों या उनके अधिकारों, उनकी जिम्मेदारी या देयताओं के संबंध में कोई विवाद या मतभेद पैदा होता है तो पक्षकार बैठक करके इनका सौहार्दपूर्ण समाधान करने की कोशिश करेंगे। यदि पक्षकार उचित समय के अंदर सौहार्दपूर्ण समाधान नहीं कर पाएंगे तो यह विवाद, संदेह या मतभेद अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरईसी द्वारा नामित किए जाने वाले एकमात्र मध्यस्थ के माध्यस्थम के लिए भेजा जाएगा। मध्यस्थ का निर्णय निर्णायक, अंतिम और दोनों पक्षकारों पर आबद्धकर होगा। न्यायालय का क्षेत्राधिकार नई दिल्ली, भारत होगा।

6. किसी वैकल्पिक प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. आरईसी को यह अधिकार है कि वह इस बोली आमंत्रण को बिना कोई कारण बताए रद्द कर सकता है/वापस लेने का निर्णय ले सकता है। ऐसे निर्णय के परिणामस्वरूप आरईसी पर किसी भी प्रकार की देयता नहीं डाली जाएगी।

8. आरईसी को अधिकार है कि वह किसी भी समय किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है और बोली प्रक्रिया को रद्द कर सकता है और आदेश देने से पहले किसी भी समय सभी बोलियों को रद्द कर सकता है और इससे उस पर कोई देयता नहीं आएगी।

9. यदि इन दस्तावेजों के संबंध में स्पष्टीकरण अपेक्षित हो तो निम्नलिखित से प्राप्त किया जा सकता है

मुख्य प्रबंधक (प्रशासन),
रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स,
**<u>नई दिल्ली-110 003</u>**
दूरभाष : 43091673

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (प्रशा.)
रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स,
**<u>नई दिल्ली-110 003</u>**
दूरभाष : 43091664

मुख्य प्रबंधक(प्रशासन)

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लि.

संलग्नक: <u>यथोपरि</u>

अनुलग्नक-**1**

<u>तकनीकी बोली</u>

1. क) फर्म का नाम

   ख) पता

   ग) टेलीफोन नं.
   मोबाइल नं.

   घ) फर्म का प्रकारः स्वामित्व/सहभागिता/प्राइवेट/प्राइवेट लि./सहकारी
   [illegible]/[illegible] कंपनी/सरकारी उद्यम

2. पैन नंबर (अनिवार्य) कृपया फोटो प्रति संलग्न करें

3. वैट नंबर (अनिवार्य) कृपया फोटो प्रति संलग्न करें

4. पिछले 3 सालों का वार्षिक टर्नओवर
   (1,50,000 से अधिक होना चाहिए)
5. पिछले दो साल के अनुभव ( वर्क आर्डर साथ लगाए)

6. पूर्व-प्रेस सुविधा ---------------
   क)-----------------
   ----------------
7. अनुवर्त्ती-प्रेस सुविधा
   क) छपाई की मशीनों की सं. (कम से कम एक) 4 रंग / 2 रंग / 1 रंग
   ...... ... ........... .........
   ख) कटिंग मशीनों की सं. (कम से कम एक) .....................
8. बयाना राशि बैंक ड्राफ्ट

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लि. के पक्ष में रू. 5000/- का तारीख............. का डिमांड ड्राफ्ट/बैंक ड्राफ्ट सं. .................... बैंक का नाम ................

हस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
नाम
पदनाम
मोहर

अनुलग्नक-।।

**54** ईसी केपिटेल गेन बांड्स श्रंखला VIII **(2010-11)** के संबंध में बांड सर्टिफिकेट जारी करने के लिए मुद्रित स्टेशनरी हेतु विनिर्देश

**1**. आबंटन एडवायस

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा | 25000 प्रतियां<br>10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | आकार | 10′ x 12′ |
| 3. | पृष्ठों की संख्या | एक |
| 4. | कागज | 60जीएसएम |
| 4. | छपाई | एक कलर |

**2**. कवरिंग लैटर

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा | 25000 प्रतियां<br>10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | आकार | 10′ x 12′ |
| 3. | पृष्ठों की संख्या | एक |
| 4. | कागज | 60जीएसएम |
| 4. | छपाई | एक कलर |

**3**. पत्रों हेतु **24 x 11** सें.मी. वाले यूपीसी लिफाफे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा | 25000 प्रतियां<br>10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | प्रकार | डिस्पैच के लिए सेलो सहित विंडो |
| | आकार | **24 x 11** से.मी. |
| 4. | कागज | भूरा कागज 80जीएसएम |

**4**. ब्याज/रिडेम्पशन वारंट हेतु **23x10**सें.मी. पंजीकृत लिफाफे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा | 25000 प्रतियां<br>10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | प्रकार | डिस्पैच के लिए विंडो |
| 3. | आकार | **23x10** सें.मी. |
| 4. | कागज | भूरा कागज 80 जीएसएम |

**5**. बांड सर्टीफिकेट के लिए **33x25** सें.मी. वाले रजिस्टर्ड लिफाफे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा | 25000 प्रतियां<br>10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | प्रकार | डिस्पैच के लिए विंडो |
| 3. | आकार | **33x25** से.मी. |
| 4. | कागज | भूरा कागज 80 जीएसएम |

**6**. बांड सर्टीफिकेट

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा | 25000/10000/5000<br>प्रमाणपत्रों के लॉट में |
| 2. | आकार | 12′x9′ |
| 3. | कागज | 106 जीएसएम |
| 4. | छपाई कलर | ऑफसेट प्रिंटिंग(शीट फैड प्रोसेस)<br>4 कलर ऑन फाँट (साइड रेनबो प्रिंटिंग सहित और सिक्यूरिटी साइड |
| | लोगो की छपाई | इंविसिबल इंक यू वी |

**7**. सूचना ज्ञापन

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा<br>(लॉट) | 10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | पृष्ठों की संख्या | 16/20 मूल पाठ के पृष्ठ तथा क्रम संख्या सहित आवेदन फार्म |
| 3. | आकार | 8.5′ x 11′ |
| 4. | पेपर कवर | 80 जीएसएम मैपलीथो पेपर<br>130 जीएसएम सिनर मास आर्ट पेपर |
| 5. | छपाई | कवर 2 रंगों में और टेक्टस 1 रंग में |

**8**. आवेदन फार्म

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मात्रा<br>(लॉट) | 25000 प्रतियां<br>10000 प्रतियां<br>5000 प्रतियां<br>1000 प्रतियां |
| 2. | आकार | 8.5′ x 11′ |
| 3. | कागज | 80 जीएसएम मैपलीथो पेपर |
| 4. | छपाई | एक रंग |
| 5. | नंबर डालना | क्रमांक 2 स्थानों पर |
| 6. | पृष्ठों की संख्या | 4 |

अनुलग्नक -III

**54** ईसी केपिटेल गेन बांड्स श्रृंखला **VIII (2010-11)** के संबंध में बांड सर्टिफिकेट जारी करने हेतु मुद्रित स्टेशनरी के लिए एन आई टी

<u>वित्तीय बोली</u>

| क्रम सं. | विवरण | कीमत (सब मिलाकर) |
|---|---|---|
| 1. | क) अनुलग्नक -I के क्रमांक 1 से 8 तक के लिए विनिर्देश अनुसार कुल लागत<br>क) 25000 प्रतियों का सैट<br>ख) 10000 प्रतियों का सैट<br>ग) 5000 प्रतियों का सैट<br>घ) 2000 प्रतियों का सैट<br>ड़) 1000 प्रतियों का सैट | रू.<br>रू.<br>रू.<br>रू.<br>रू. |
| 2. | टैक्स/वैट | रू. |
| 3. | **विचलन दरें**<br><br>क) <u>उ</u> 500 प्रतियां<br>ख) <u>उ</u> 100 प्रतियां | रू.<br><br>रू.<br>रू. |

दरे आज की तारीख के अनुसार सभी कर मिलाकर हैं। करों में किसी प्रकार का अनुवर्ती परिवर्तन लागू होगा, विचलन दरें आरईसी और बोलीकर्ता द्वारा, जैसा भी मामला हो, देय होंगी।

फर्म को निविदा दस्तावेज में निर्धारित नियम एवं शर्तें स्वीकार हैं।

हस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
नाम
पदनाम
मुहर